**Title: Re: Ensuring the greater benefits to poor under Pradhan Mantri Awas Yojana and dealing the issue related to auto-rejection.**

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) :** सभापति महोदय, धन्यवाद । मोदी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है और देश में बेघरों को घर के लिए ?प्रधान मंत्री आवास योजना? चलती है, लेकिन इसमें दो समस्याएं हैं । नंबर एक यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गया या औरंगाबाद जिले या राज्य या देश में और भी जिले होंगे, जहां लाभकों का नाम ऑटो रिजेक्ट में चला गया है, जिससे उनको ?प्रधान मंत्री आवास योजना? का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन गरीबों का घर नहीं बन पा रहा है ।

महोदय, इस योजना में एक समस्या और है कि हजारों-लाखों ऐसे जेनुइन बेनिफिशियरीज हैं, जिनका नाम सर्वे के दौरान किसी न किसी कारणवश छूट गया है, चाहे वह सर्वे एजेंसी की गलती से हुआ हो या कोई और कारण हो । ऐसे हजारों-लाखों लाभुक हैं, जिनको इस महत्वाकांक्षी और गरीबों के कल्याण, भले के लिए जो योजना भारत सरकार चला रही है, उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से, इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से यह अनुरोध है कि उसका फिर से सर्वे कराया जाए और ऑटो रिजैक्ट में जिनका नाम चला गया है, उस कमी को दूर किया जाए, दुरुस्त किया जाए, ताकि गरीबों को प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके ।